IDBI BANK

प्रेस विज्ञप्ति
PRESS RELEASE

<u>तत्काल प्रकाशन और प्रसारण के लिए</u>

पीआर/1289

आईडीबीआई बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री किशोत खरात ने प्रांतिज, गुजरात में बैंक की 100वीं रिटेल शाखा का उद्घाटन किया

अहमदाबाद, 21 सितंबर 2015: गुजरात में आईडीबीआई बैंक की 100वीं रिटेल शाखा का उद्घाटन आज अह मदाबाद के पास प्रांतिज में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री किशोर खरात द्वारा किया गया . इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री के पी नायर , मुख्य महा प्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्रीमती पद्मा बेतई और बैंक के अन्य वरिष्ठ कार्यपालक उपस्थित थे.

प्रांतिज लगभग 23,000 की आबादी वाला सबर्कंठ जिले का छोटा सा नगर है. कृषि संबंधी कार्य-कलाप ही यहां का प्राथमिक पेशा है जिसमें मुख्यतः सब्जियों, फलों, धान, गेहूं आदि की खेती की जाती है . आशा है कि यह नवीनतम अर्ध-शहरी शाखा, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) के माध्यम से इस क्षेत्र के ग्राहकों की केसीसी , सूक्ष्म-वित्त आदि जैसी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करेगी.

इस अवसर पर ग्राहकों को संबोधित करते हुए श्री खरात ने कहा कि गुजरात राज्य में उठाया गया यह 100वां कदम इस क्षेत्र के सामाजिक- आर्थिक विकास और समावेशी प्र गति के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है . हम अपनी शाखाओं को अल्पसुविधा-प्राप्त और औपचारिक वित्तीय प्रणाली के बाहर के लोगों के जीवन में सकारात्मक आर्थिक प्रभाव लाने वाले अग्रदूत के रूप में देखते हैं.

आईडीबीआई बैंक पूरे भारत में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध है. देश की जनसंख्या में अभूतपूर्व वृद्धि और बैंकिंग सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ नवोन्मेष और ग्राहक संतोष भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सफलता के मुख्य मानदंड बन गए हैं."

श्री किशोर खरात, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक प्रांतिज, गुजरात में बैंक की 100वीं रिटेल शाखा का उद्घाटन करते हुए

<u>बैंक के बारे में</u>

आईडीबीआई बैंक एक सबसे युवा , नई पीढ़ी का सार्वजनिक क्षेत्र का यूनिवर्सल बैंक है जो प्रबल सेवा अभिमुखता के साथ एक श्रेष्ठ कोर बैंकिंग प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर रहा है . इससे बैंक अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत बैंकिंग सेवाएं तथा वित्तीय सोल्यूशन प्रदान करने में सक्षम रहा है . आईडीबीआई बैंक के पास सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एक बड़ा आवास ऋण पोर्टफोलियो है और बैंक अपने मौजूदा और नए ग्राहकों को मौजूदा आधार दर पर आवास ऋण प्रदान कर रहा है . बैंक एमएसएमई क्षेत्र को अत्यंत प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण प्रदान करता है . आईडीबीआई बैंक के पास विनिर्दिष्ट ग्राहक वर्ग के लिए कई योजनाएं हैं . आईडीबीआई बैंक ने विशिष्ट रूप से तैयार किए गए अपने उत्पादों , प्रतिस्पर्धी मूल्य और व्यक्तिगत सेवाओं के जरिए कृषि क्षेत्र और उससे संबद्ध कार्यकलापों पर भी विशेष ध्यान दिया है.